दिनांकः 28.11.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- ऑल इंडिया डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेन्स आज से रायपुर में–आंतरिक सुरक्षा, काउंटर टेरेरिजम तथा सीमा प्रबंधन सहित अन्य विषय पर मंथन होगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उर्वरकों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये।
- राज्य के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ली–राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश।
- देश में एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण में 99 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं तक गणना फॉर्म पहुंचे।

000

अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन आज से छत्तीसगढ़ के रायपुर में शुरू हो रहा है। तीन दिन चलने वाली डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेन्स का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम मानी जाने वाले इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, काउंटर टेरेरिजम, सीमा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल और परसों इस कॉन्फ्रेन्स में शामिल होंगे। श्री मोदी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश होने से किसानों ने रबी फसलों के लिए अग्रिम बुवाई की है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में रबी सीजन 2025 में उर्वरकों के आवंटन, आपूर्ति और उपलब्धता पर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलों में फर्टीलाइज़र की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने और उचित आपूर्ति करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुदानित यूरिया के गैर कृषि कार्यों तथा अन्य औद्योगिक गतिविधियों में उपयोग पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाए। उर्वरकों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में लिप्त विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किये जाने चाहिए।

इस बीच, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कल मीडिया से रूबरू होकर प्रदेश में उर्वरकों की उचित आपूर्ति को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 95 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बुवाई हो चुकी है। जिसके लिए 7 लाख मीट्रिक टन यूरिया की ज़रूरत है, जबकि 9 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया पहले ही किसानों को उपलब्ध करा दिया गया है। श्री मीणा ने कहा कि किसान सही जानकारी के अभाव के कारण अधिक मात्रा में उर्वरक खरीद कर इसका भंडारण कर लेते हैं। इस प्रवृति पर अंकुश लगना चाहिए।

.............

000

नई दिल्ली में आयोजित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को स्वर्ण पदक मिला है। प्रगति मैदान में लगाये गये इस मेले में राजस्थान की भागीदारी पार्टनर स्टेट के रूप में रही। राजस्थान मंडप को बेहतरीन प्रदर्शन और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ये सम्मान मिला है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन के प्रबंध निदेशक डॉ. नीरज ने मंडप के निदेशक हर्ष शर्मा और मैनेजर विनय शर्मा को ये पुरस्कार प्रदान किया। मंडप के निदेशक ने बताया कि राजस्थान पवैलियन में कारीगरों और उद्यमियों ने सजीव प्रदर्शन किया। इसके साथ ही राजस्थान की विरासत और नवाचार

तथा सतत औद्योगिक विकास पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। उन्होंने बातया कि पवैलियन कोएक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर तैयार किया गया था।

000

जयपुर में आज से इंडिया ट्रेवल मार्ट का आयोजन किया जा रहा है। बिड़ला सभागार में ये आयोजन 30 नवम्बर तक चलेगा। इसमें देशभर के ट्रेवल और टूरिज्म क्षेत्र की अग्रणी कम्पनियों ने प्रदर्शनी लगाई है।

000

कोटा में आज से हाड़ौती हस्तशिल्प महोत्सव की शुरूआत हो रही है। सात दिन के इस महोत्सव का आयोजन नयापुरा स्थित ग्रामीण हाट परिसर में किया जा रहा है। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इसमें विभिन्न जिलों के हस्तशिल्पियों, दस्तकारों और स्वंय सहायता समूहों की ओर से बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। उत्सव के दौरान एक जिला–एक उत्पाद पर कार्यशाला और विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गये हैं।

000

राज्य में उत्तरी हवाओं, चक्रवाती प्रभाव और पश्चिमी विक्षोभ से कई हिस्सों में मौसम ने करवट ली है। राजधानी जयपुर में अलसुबह ही हल्की बारिश का सिलसिला चला। पाली, हनुमानगढ़, जैसलमेर सहित अन्य स्थानों पर बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं। बांसवाडा में भी कल रात करीब आधे घंटे तक बरसात हुई। अजमेर जिले में गरज के साथ कुछ इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। हमारी संवाददाता ने बताया कि आज भी बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाओं का दौर जारी है।

...............

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अजमेर, जयपुर और उदयपुर संभाग तथा आस–पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार हैं। राज्य के दक्षिणी और पूर्वी भागों में कहीं–कहीं मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

................

000

देश में चल रहे एसआईआर के दूसरे चरण के तहत अब तक 50 करोड़ 59 लाख से अधिक मतदाताओं को गणना फॉर्म बांटे जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि इस चरण में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जिनमें से 99 प्रतिशत से अधिक वोटर्स तक गणना फॉर्म पहुंच चुके हैं। मतदाता सूची के दूसरे चरण का पुनरीक्षण कार्य राजस्थान सहित नौ राज्यों और तीन केन्द्रशासित प्रदेशों में चार नवम्बर से शुरू हुआ था।

इधर, प्रदेश में 4 करोड़ 80 लाख से अधिक गणना प्रपत्र इसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदाताओं की मैपिंग का काम भी तेजी से किया जा रहा है और करीब 78 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। अब इन्हें किसी तरह के दस्तावेज पेश करने की जरूरत नहीं रहेगी। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश के 9 हजार से ज्यादा पोलिंग बूथों पर बीएलओ द्वारा शत–प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जालौर के भीनमाल के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मोहित कासनिया को राज्य स्तर पर सम्मानित किया। श्री कासनिया ने इस उपलब्धि के लिए अपनी टीम की कड़ी मेहनत और लगन को इसका श्रेय दिया है।

................

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज कोटपूतली–बहरोड़ प्रवास पर रहेंगे। वे शाहपुरा में राजकीय बाबा गंगादास महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे। सामाजिक सांस्कृतिक विकास, प्रौद्योगिकी प्रगति और पर्यावरण सुधार विषय पर दो दिन की इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

000